


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 183 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 19 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया

## विवाह समारोह में युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरदा में विवाह समारोह के दौरान एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि बिंदौली में नाचने के दौरान विवाद हुआ था। इस मामले में फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। मामले में आरोपी चार राजस्थानी युवको को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात गुजरदा में बिंदौली में नाचने के दौरान विवाद हुआ। इसमें चार लोगों ने अनिल पिता राधेश्याम उम्र 22 वर्ष निवासी गुजरदा पर चाकू से वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद रवि भोई ने पुलिस को इस संबंध में सूचना दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अुर्जन मीणा, सुनील मीणा, बलराम मीणा और अजय मीणा निवासी दिवाला कोटड़ी थाना अरनोद को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अब आंगनवाड़ी और स्कूलों के बीच कॉम्पीटीशन...

## नामांकन बढ़ाने के लिए तीन साल के बच्चों का नर्सरी में प्रवेश

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क किताबें, मध्यान्ह भोजन, गणवेश जैसी सुविधाएं मिलने के बावजूद भी बच्चों की संख्या साल दर साल कम हो रही है। मंदसौर जिले की बात करें तो बीते सत्र में प्रदेश में जिला टॉप टेन में रहा, जहां बच्चों का नामांकन सबसे कम रहा। मंदसौर जिले में कक्षा पहली में उस बार चार हजार बच्चों ने प्रवेश लिया था। हालांकि अब नर्सरी से ही बच्चों को स्कूल तक लाने की कवायद शुरु हो गई है। जिले के 54 स्कूलों में तीन साल से कम उम्र के बच्चों को नर्सरी में प्रवेश दिया जाएगा। अब इस कवायद के बाद आंगनवाड़ी और स्कूलों के बीच प्रतिस्पर्धा शुरु होना तय है। इसका कारण है कि आंगनवाड़ी तक बच्चों को लाना आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए टेड़ी खीर साबित हो रहा है। इधर अब स्कूल स्टॉफ भी घर-घर तक पहुंचेगा। बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रयास करेगा।

### फिर आंगनवाड़ी का क्या महत्व...

तीन साल के बच्चों को स्कूल तक लाने की कवायद शुरु की गई है। इधर बात करें आंगनवाड़ी की तो बच्चों को स्कूलों में बैठना सीखाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र चलाए जा रहे हैं। यह काम निजी स्कूलों में नर्सरी में किया जाता है। मतलब कहा जा सकता है कि आंगनवाड़ी सरकारी स्कूलों की नर्सरी है। लेकिन, अब सरकारी स्कूलों में ही तीन साल के बच्चों को लाने की कवायद शुरु हो गई है तो सरकारी स्कूलों की नर्सरी मतलब आंगनवाड़ी का महत्व कम हो जाएगा।

### साल दर साल कम हो रही संख्या...

स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर नामांकन के जारी आंकड़ों के अनुसार साल दर साल सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है। हालांकि, राज्य शिक्षा केंद्र जिला परियोजना समन्वयकों को बच्चों का नामांकन दर बढ़ाने के लिए गृह संपर्क अभियान जारी करने और समग्र आईडी से मैपिंग करने के लिए हर साल निर्देश जारी करता है।

### निजी स्कूल की स्टाईल में नर्ससी, केजी-1 और केजी-2...

06 वर्ष की आयु वाले नियम से जिले सहित प्रदेशभर में नामांकन घट रहा था। अब शासन को उम्मीद है कि विद्यार्थी नर्सरी में प्रवेश लेकर आगे बढ़ेंगे। पहले चरण में जिले के 54 स्कूलों को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। जहां 16 जून से नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाएं शुरू होंगी। हालांकि, जिले में पायलट प्रोजेक्ट के



तौर पर पिछले साल भी कुछ स्कूलों में कक्षाएं चली हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा केंद्र का कहना है कि नर्सरी कक्षा में प्रवेश के लिए 3 वर्ष से 4 वर्ष 6 माह होना चाहिए। केजी-1 में प्रवेश के लिए 4 वर्ष से 5 वर्ष 6 माह आयु हो। केजी-2 में एडमिशन के लिए 5 वर्ष से 6 वर्ष 6 माह व पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 6 वर्ष से 7 वर्ष 6 माह आयु का नियम है। इसी सत्र से बच्चों के एडमिशन होंगे।

### नर्सरी में देंगे अक्षर ज्ञान...

नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चे अक्षर ज्ञान हासिल करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग का प्लान है कि सरकारी स्कूलों से अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ा जाए। ऐसे में नर्सरी के बच्चों को स्कूल लाया जाएगा तो वह आगे की कक्षा में भी सरकारी स्कूलों में ही पढ़ेंगे। नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चे अक्षर ज्ञान हासिल करेंगे। पहली कक्षा तक आते-आते दो-तीन अक्षर वाले शब्द लिखने और पहचानने लगेंगे। ऐसे में बच्चों को आगे की शिक्षा की राह आसान होगी। इसके लिए स्कूलों में नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया है।

### बच्चों को मिलेंगी सुविधाएं...

नर्सरी कक्षा की शुरुआत के लिए चयनित स्कूलों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नर्सरी और केजी-1, केजी-2 के लिए अलग से कक्षाएं होंगी। इन कक्षाओं में चित्रकारी सहित बच्चों की गतिविधियों का लेख लगाया जा रहा है। हालांकि, इसके लिए स्कूलों में ऊपर से बजट नहीं आया है। लेकिन, अभी जो संसाधन है उन्हीं से संचालन किया जाएगा। सत्र शुरू होने तक बजट मिलने की संभावना है। इससे और विस्तार किया जाएगा। नामांकन प्रभारी ने बताया कि अभी कितने विद्यार्थियों ने इन कक्षाओं ने प्रवेश लिया है, यह पता नहीं चल पा रहा है। जल्द ही पोर्टल पर उपलब्ध होगा।

### पिछले सत्र में जिले की कक्षा पहली में प्रवेश के मामले में अंतिम दस की स्थिति...

| जिला | प्रवेश |
|---|---|
| हरदा | – दो हजार |
| नीमच | – दो हजार |
| नरसिंहपुर | – तीन हजार |
| नर्मदापुरम | – तीन हजार |
| निवाड़ी | – तीन हजार |
| आगरमालवा | – तीन हजार |
| शाजापुर | – चार हजार |
| मंदसौर | – चार हजार |
| बुरहानपुर | – चार हजार |
| सिवनी | – पांच हजार |




### महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सावित्री ठाकुर मंदसौर आई...

## केन्द्रीय मंत्री ने देखा आंगनवाड़ी और वन स्टाप सेंटर

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर शुक्रवार को मंदसौर आई। उन्होंने वन स्टाप सेंटर मंदसौर एवं जीवागंज वार्ड क्रमांक 17 के आंगनबाड़ी केंद्र 01 को देखा। उन्होंने वन स्टाप सेंटर पर पौधारोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, मारपीट जैसी समस्याएं होने पर तुरंत वन स्टाप सेंटर पर शिकायत करें। वन स्टाप सेंटर के माध्यम से तुरंत गाड़ी की सुविधा भी प्राप्त होती है। आंगनवाड़ी केंद्र में गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखें। गर्भवती माता, बच्चों को समय-समय पर सभी टीके जरूर लगवाएं। उन्हें सभी तरह का पोषण आहार प्रदान करें। गर्भवती माता एवं बच्चों की समय पर सभी तरह की जांचे करवाए। आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन खुलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया एवं आंगनबाड़ी में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों को गिफ्ट भी प्रदान किए।

केन्द्रीय मंत्री ने सरकार द्वारा प्रदान की जा रही योजनाएं जिसमें पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलना, मुद्रा बैंक योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा की मुद्रा बैंक योजना के माध्यम से महिलाएं छोटे-छोटे काम शुरू कर सकती है। इस योजना के माध्यम से छोटे-छोटे कामों के लिए लोन मिल जाता है। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला अन्य सभी जनप्रतिनिधि, डीपीओ पीसी चौहान, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार मौजूद थे।



## चारधाम यात्रा: इस दिन खुलेंगे केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट, तैयारी पूरी

**देहरादून, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा जल्द शुरू होने वाली है। यह पावन यात्रा हर वर्ष यमुनोत्री से प्रारंभ होती है। इसके बाद श्रद्धालु गंगोत्री पहुंचते हैं जो यात्रा का दूसरा पड़ाव होता है। तीसरे पड़ाव पर भक्त केदारनाथ धाम की ओर बढ़ते हैं, जहां देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना की जाती है। अंतिम और चौथा पड़ाव बद्रीनाथ धाम है, जहां भगवान विष्णु को जगत का पालनहार मानकर उनकी आराधना की जाती है।

### 30 अप्रैल से शुरू होने वाली है चारधाम की यात्रा...

पवित्र चारधाम यात्रा की शुरुआत इस साल 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के शुभ दिन से होगी। इस दिन सुबह 10:30 बजे यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिरों के कपाट पूजा-पाठ के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुताबिक, केदारनाथ धाम के कपाट 02 मई 2025 को सुबह 07 बजे खोले जाएंगे। इसके बाद 04 मई 2025 को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे।

### जानिए क्या है चारधाम यात्रा...

हिंदू धर्म में मान्यता है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति के सारे पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह यात्रा जीवन के कष्टें से मुक्ति पाने का मार्ग भी मानी जाती है, क्योंकि यहां जाकर व्यक्ति अपने मन, आत्मा और शरीर को शुद्ध करता है। माना जाता है कि जीवन में एक बार चारधाम यात्रा पर जाना हर भक्त का धर्म है। यह यात्रा व्यक्ति को अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का एक अवसर देती है।

## चार दिन की रिमांड पर एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार आरोपी

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस की नारकोटिक्स विंग ने राजमार्ग स्थित मुल्तानपुरा फंटा से एक बाइक सवार को आधा किलो से ज्यादा एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे चार दिन की रिमांड पर सौंपा गया हैं। अब विंग के अधिकारी आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रहे हैं।

नारकोटिक्स विंग पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मुल्तानपुरा फंटा पर दबीश दी गई। इस दौरान एक बाइक सवार को रोककर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम जियाउद्दीन पिता मोहम्मद हबीब निवास थाना नईआवादी जिला मंदसौर बताया। तलाशी लेने पर अपाचे बाइक सवार जियाउद्दीन के पास 514 ग्राम एमडी मिली। मादक पदार्थ की कीमत 25 लाख 70000 रुपए बताइ गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी का चार दिन का रिमांड मिला हैं। विंग उससे विस्तृत पूछताछ कर रही हैं।

## निजी स्कूलों को फीस नियमों में मिली छूट

### 25 हजार से कम फीस, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं

**भोपाल, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम वसूलने वाले निजी स्कूलों को अब स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

विभाग ने साफ किया है कि जिन निजी विद्यालयों द्वारा 25 हजार रुपए से अधिक वार्षिक फीस वसूली जा रही है, उन्हें पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि बिना अनुमति और उचित कारण के फीस नहीं बढ़ाई जा सकेगी। जिले में छह सौ से ज्यादा स्कूल है। इसमें से पचास प्रश से ज्यादा स्कूल ऐसे है, जहां वार्षिक फीस 25 हजार या उससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित फीस संरचना (कक्षा एवं संवर्गवार) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। यह अधिनियम 31 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ है। शुरू में इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि कई विद्यालयों ने पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने में तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी है। इसे ध्यान में रखते हुए अपलोड की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी गई है।




### बिना अनुमति 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं फीस...

इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि विद्यालय 10 प्रतिशत तक सालाना फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व अनुमति के कर सकते हैं। इससे ज्यादा बढ़ाने के लिए संबंधित जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक होगा। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े। नई उपधारा के तहत, जिन स्कूलों की वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम है, वे इस अधिनियम के दायरे से बाहर रहेंगे। इसके अतिरिक्त फीस नियमन एवं संबंधित विषयों के लिए जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है, जो इन मामलों की निगरानी करेगी।

## युवक कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित, मोबाइल एप पर होगी वोटिंग

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसके लिए 27 अप्रैल से 06 मई तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। इस दौरान नामांकन पर दावे-आपत्ति 28 अप्रैल से 7 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन की जांच 07 से 09 मई तक की जाएगी और नामांकन को अंतिम रूप 11 मई को दिया जाएगा। बताया गया है कि 18 से 35 वर्ष की आयु वाले ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवायसी) एप के जरिए से वोटिंग होगी।



**सदस्यता के साथ ही वोटिंग का मिलेगा अधिकार–** पहली बार ब्लाक अध्यक्ष का भी सीधे चुनाव होगा। सदस्य बने कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया लगभग पांच महीने में पूरी होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही युवक कांग्रेस से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है।

## शुभम-मोहन की जोड़ी को मुंह की खाना पड़ी...

### रुपये भी वापस करना पड़े और केस भी बनाना पड़ा!

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। गुरुवार रात सीतामऊथाना क्षेत्र के बिशनिया में एक काली स्कार्पियो का पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। वाहन में डोडाचुरा भरा था। जिसका एक्सीडेंट हो गया ओर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला।**




बाद में शुभम ने कोटड़ा के दशरथ के जरिये 35 में खड़ा तोड़ किया ओर 25 हाथो हाथ ले लिये। मजे की बात तो यह की बिशनिया के चौधरी को बचाने के लिये खेले गये खेल की जानकारी कप्तान को लग गई। हालांकि, इस मामले में शुभम द्वारा कप्तान की सेटिंग की ग्यारंटी ली गई थी। ऐसे में जब कप्तान को पूरी कहानी पता चली तो उनका चाबुक भी चला। आखिर में दशरथ को कथित रूप से 25 भी वापस किये गये ओर दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो को लाकर शुक्रवार देर रात तक लिखापड़ी की जा रही थी। यदि यह कहानी जो जनचर्चा में हैं, सही हैं तो कप्तान को भी शुभम - मोहन के मोह से मुक्त होने की कवायद करना चाहिए...।

## तीन घंटे में 03 गुमशुदा बालिकाओं को किया दस्तयाब

### पुलिस को दिया धन्यवाद, मंदसौर से लापता तीनों बालिकाएं मनासा से मिली

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। ग्राम गुराड़िया दीदा से तीन बालिकाएं गुरुवार शाम अचानक लापता हो गई। इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों और पुलिस तक पहुंची। इसके बाद तुरंत पुलिस हरकत में आई। आखिरकार बालिकाएं मनासा से मिली। जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।**

गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम गुराडिया देदा से एक ही समाज की तीन बालिकाएं, जिनकी उम्र 11 वर्ष, 8 वर्ष और 6 वर्ष है, लापता हो गई। बच्चियों के लापता होने से गांव में सनसनी, चिंता और डर परिजनों एवं ग्रामवासियों में व्याप्त हो गया। इसके बाद मामले में पुलिस को सूचना दी गई। इधर इस मामले में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने भी डीआईजी मनोजसिंह और पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद से चर्चा की। उन्होंने बच्चियों के लापता होने के संवेदनशील मामले में सघनता से पड़ताल किए जाने की बात कही। साथ ही ग्रामवासियों से भी इस संबंध में घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। इसके बाद मनासा में बच्चियों के होने की सूचना मिली। मंदसौर पुलिस ने तत्काल... शेष पेज 3 पर

## देश में पहली बार चीतों की शिफ्टिंग

### एमपी के कूनो से गांधी सागर अभ्यारण्य में आएंगे चीते

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** करीब 30 माह पहले नामीबिया से भारत लाकर मप्र के पालपुर कूनो नेशनल पार्क में बसाए गए चीतों को अब दूसरा घर मिलने जा रहा है। सब ठीक रहा तो गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में 20 अप्रैल को दो चीते छोड़े जाएंगे। दूसरे चरण में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। यह देश के अंदर एक से दूसरे रहवास स्थल में की जाने वाली चीतों की पहली शिफ्टिंग होगी, जो पालपुर कूनो नेशनल पार्क से की जाएगी। देश के अंदर कूनो ही एकमात्र वह स्थान है, जहां चीते है। इस महत्वपूर्ण व देश के अंदर की जाने वाली पहली प्रस्तावित शिफ्टिंग को हाल ही चीता स्टेयरिंग कमेटी ने मंजूरी दी है। बता दें कि अभी मध्यप्रदेश के पास 26 चीते हैं, इनमें 12 वयस्क और 14 शावक है। इन 26 चीतों में से 17 पालपुर कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में घूम रहे है, जिनमें 11 शावक और 6 वयस्क चीते शामिल है।

बता दें कि चीतों को 02 वर्ष 07 माह पूर्व भारत लाकर मध्यप्रदेश के पालपुर कूनो में बसाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए चीतों को



कूनों में छोड़ा था। उसके पूर्व देश के किसी भी राज्य में चीते नहीं थे। छत्तीसगढ़ के कोरिया में 1948 में आखिरी बार चीतों को देखा गया था। इसके बाद केंद्र ने 1952 में चीतों को विलुप्त करार दे दिया था।

गांधीसागर अभयारण्य में ईको सिस्टम बनाए रखने के लिए रामपुरा पठार क्षेत्र में चीतों को बसाने की कवायद 02 साल से चल रही है। इसके लिए 08 हजार 900 हेक्टेयर में बाड़ा एवं 06 से 08 चीतों के लिए क्वारेंटाइन बोमा तैयार है। कई बार अफ्रीका व दिल्ली से टीमें दौरा करके गई है। जनवरी में केंद्र से आई 07 सदस्यीय टीम ने ओके रिपोर्ट भी मार्च में शासन को सौंप दी थी। अब चीतों का इंतजार खत्म होने वाला है।

### दो नर चीतें आएंगे गांधी सागर...

गुरुवार को नीमच सीआरपीएफ कार्यक्रम में आए सीएम डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि 20 अप्रैल को वे वापस रामपुरा में आएंगे। यहां चीतों को छोड़ा जाएगा। जानकारी के अनुसार अभी कूनों में जन्मे दो नर चीतों को गांधीसागर लाया जाएगा। उन्हें बाड़े में रखेंगे। ये चीते जन्म से साथ में रहते हैं, इसे कोलेशन कहते हैं इसलिए अभी इन्हें साथ रखा जाएगा। कुछ समय बाद मादा चीतों को भी गांधीसागर लाया जाएगा। चीतों के आने से संसदीय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह नीमच- मंदसौर जिले के लिए बड़ी सौगात होगी। इस संबंध में डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि 20 अप्रैल को गांधीसागर में 08 हजार हेक्टेयर में तैयार बाडे में दो चीतों को छोडा जाएगा। इसके लिए निर्देश आ गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### सीएम डा. यादव भी आएंगे...

जिले की सीमा पर स्थित गांधीसागर अभयारण्य के रामपुरा पठार में 20 अप्रैल को कूनों में जन्मे दो नर चीतों को गांधीसागर में छोड़ा जाएगा। इसके लिए सीएम डॉ. मोहन यादव आएंगे। यहां कई योजनाओं का भूमिपूजन व लोकार्पण भी करेंगे।

तहसीलदार की आधी अधूरी जांच में पड़ोसियों ने किया चौकाने वाला खुलासा....

# पुलिस वाले के सरकारी क्वार्टर में दो साल से संचालित हो रही थी अवैध गतिविधियां

**क्या दो साल में भी तहसीलदार को इन अवैध गतिविधियों की भनक तक नहीं लगी, तहसीलदार की इस घोर लापरवाही ने पूरे प्रशासन पर एक प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया**

**सुवासरा, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। 110 साल पुराने शासकीय 52 क्वार्टर के नाम से प्रसिद्ध आवासीय क्वार्टर की जांच रिपोर्ट आखिरकार सीतामऊ अनुविभागी अधिकारी के पास पहुंच गई। 5 दिन पहले ✻दैनिक गुरु एक्सप्रेस✻ ने 52 क्वार्टर मैं अवैध निवास कर रहे शासकीय कर्मचारीयो का एक समाचार प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। इसके बाद डेढ़ माह पहले हुई जांच रिपोर्ट को तहसीलदार ने एसडीएम कार्यालय पहुंचाया।**



जांच रिपोर्ट देखने पर पता चलता है की जांच करने के बाद जो रिपोर्ट बनाई गई उसमें भी कई खामियां हैं। किसी कर्मचारी का निजी मकान नहीं है तो उसका मकान दर्शा कर उसे निरस्त करने की बात कही गई। और किसी कर्मचारी का निजी मकान है तो उसे जांच में नही दर्शाया गया। इतना ही नहीं जो कर्मचारी सेवानिवृत्ति हो चुका है उसे कार्यरत बता उसके नाम से क्वार्टर दशा रखा है। जबकि जो अभी वर्तमान में नौकरी कर रहा कर रहा है उसको सेवानिवृत्ति बता कर उसके आवंटन को निरस्त करने का अभिमत दिया है। रिपोर्ट में यहां से स्थानांतरित हुए एक पुलिस कर्मचारी के नाम से एक क्वार्टर दर्शाया गया है।पड़ोसी किराएदारों ने जांच अधिकारी को बताया है कि पिछले 2 साल से उसमें अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है ।और इसी 52 क्वार्टर में एक व्यक्ति चिकित्सालय संचालित कर रहा है। वर्षो पुराने इस शासकीय 52 क्वार्टर में लंबे समय से कई कर्मचारी गलत जानकारी शासन को देकर निवास कर रहे हैं। आश्चर्य की बात है ना तो स्थानिय प्रशासन ने कभी यहां पर जांच करने की कोशिश की और ना ही अनुविभागीय अधिकारी जहां से इन क्वार्टरों का आवंटन होता है उन्होंने कभी इस शासकीय इमारत की जांच पडताल की। अभी 52 क्वार्टर के नाम से प्रसिद्ध इस शासकीय भवन में 48 क्वार्टर मौजूद है। जांच रिपोर्ट में इनमें से 29 क्वार्टर में निवास कर रहे शासकीय कर्मचारी अवैध पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद एसडीएम में उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही है। आश्चर्य की बात है जो पुलिसकर्मी यहां से स्थानांतरित होकर चला गया है उसके बाद भी उस क्वार्टर में पिछले कई समय से अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है। जबकि इसके नजदीक के क्वार्टर में ही सुवासरा थाना प्रभारी निवास करते हैं एक पुलिस अधिकारी के नाक के नीचे दूसरा पुलिस कर्मचारी शासकीय वाटर में अवैध गतिविधियां संचालित कर रहा है और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। शासकीय आवास में इस तरह से क्वार्टरों की बंदर बांट की गई जिसके कारण जरूरतमंद शासकीय कर्मचारी अभी भी निवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं और अधिक दामों में उनको दूसरे प्राइवेट मकान में रहना पड़ रहा है।

**ये कहते है जिम्मेदार**–जांच रिपोर्ट बनाकर वरिष्ठअधिकारी के यहां भेज दी है आगे की कार्यवाही उनके दिशा निर्देश के अनुसार ही होगी।

**मोहित सिनम**
**प्रभारी तहसीलदार सुवासरा**

शासकीय 52 क्वार्टर भवन की जांच रिपोर्ट मेरे पास आ गई है शीघ्र ही इनके खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें वहां से बेदखल किया जाएगा। इसके साथ ही बाजार मकान किराया मूल्य के हिसाब से इनसे राशि वसूली जाएगी।

**शिवानी गर्ग**
**एस डी एम सीतामऊ**



# बंगाल की स्थिति चिंताजनक, राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

## विहिप व बजरंग दल ने ममता बनर्जी का पूतला फूंका, ज्ञापन भी दिया

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल जिला मंदसौर मालवा प्रांत द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ लगातार हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका व महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।**

ज्ञापन में कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। बंगाल की स्थिति से स्पष्ट है कि ममता सरकार भारत के संघीय ढांचे को बंगाल में ध्वस्त कर अपनी सरकार और वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ चुकी है।बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को निर्बाध रूप से आने दिया जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी तथा बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की सक्रियता बढ़ती जा रही है। हिंदुओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है और न्यायालय के आदेश पर ही हिंदू त्योहारों को अनुमति मिल पाती है। उनको सुरक्षा देने वाले अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाया जाता है। हिंदू का अस्तित्व खतरे में पड़ चुका है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है।तृणमूल के असामाजिक तत्व व जिहादी गुंडो के नियंत्रण व निर्देश पर ही प्रशासन काम करने के लिए विवश है। महामहिम राष्ट्रपति से मांग की कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए । बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था। इस अवसर पर सर्वश्री गुरचरण सिंह बग्गा, डॉ प्रवीण मंडलोई, रविप्रतापसिंह बुंदेला, कन्हैयालाल सोनगरा, हेमन्त बुलचन्दानी, रूपनारायण जोशी, कमल कोठारी, नंदू आडवाणी, एमपी सिंह परिहार, सत्येंद्रसिंह सोम, रविंद्र पांडेय, वीरेंद्र आर्य, सुभाष गुप्ता, विनोद मेहता, निरंजन भारद्वाज, अरविंद चौहान, हरीश टेलर, लक्की बाडोलिया, प्रदीप चौधरी, अमरदीप कुमावत, कन्हैया लाल धनगर, शंकर शर्मा, वर्दीचन्द कुमावत, रूपनारायण मोदी, प्रतीक व्यास, विनोद जाट, मनीष भाटी, विनोद प्रजापति, मुकेश चनाल, गोविंद नागदा, प्रेमलता आचार्य, विद्या उपाध्याय सहित बडी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, समाज प्रमुख एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रमुख उपस्थित थे। उक्त जानकारी विहिप प्रचार प्रसार प्रमुख गोविंद पेंटर द्वारा दी गई।


## श्री सिद्धी विनायक गणेश मन्दिर पर भण्डारा 27 को

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री सिद्धी विनायक गणेश मन्दिर पर भण्डारा 27 अप्रैल रविवार को मन्दसौर : सिद्धी विनायक गणेश मन्दिर जिला सहकारी बैक परिसर नई आबादी मन्दसौर पर सिद्धी विनायक गणपति उत्सव समिती द्वारा आयोजित श्री गणेशजी की महाआरती एवं दसम विशाल भण्डारा 27 अप्रैल रविवार प्रात: 10 बजे से रखा गया है।

उत्सव समिती के अध्यक्ष श्री पुरषोत्तम चंदवानी व श्री पारस मावर ने धर्म प्रेमी सजनों से आग्रह है की गणेश मन्दिर की आकर्षक साजसज्जा विद्युत रोशनी से मंदिर जगमगायेगा एवं भक्तो को परेशानी न हो गर्मी से बचने की। उत्तम व्यवस्था के साथ महा आरती एवं विशाल भण्डारा में पधार कर धर्मलाभ है। मन्दिर समिती के स्थायी पदाधिकारीगण संरक्षक श्री राजेन्द्र अग्रवाल श्री त्रिलोक सिंध नारंग संयोजकगण सर्व श्री दिलीप मेहता (पद्मश्री) श्री दिनेश सेठिया, श्री प्रदिप चन्दवानी, उपाध्यक्ष गण सर्व श्री सुरेश कालानी, अशोक छिगावत श्री मिलिंद जिलेवाल, श्री रमेशचन्द्र गंगवानी, श्री प्रवीण गुप्ता सह सचिव श्री निलेश जैन कोषाध्यक्ष श्री योगेश याग्निक, सहकोषाध्यक्ष श्री जगदीश सेठिया, श्री सन्नी बुलचन्दानी कार्यसमिती सदस्य सर्व सर्व श्री सुंदर आजना, कपिल सैनी, कमलेश बटवाल, श्री मुकेश प्रजापत, श्री रमेश सिंह राठौड़, श्री बसंत प्रजापत साहित नियमित भक्ति में धर्म प्रेमी सज्जनों माता बहनो से अनुरोध किया की भण्डारा आयोजन में सम्मलित होकर धर्म लाभले। उक्त जानकारी समिति सचीव श्री पारस मवार ने दी।


**✻संयुक्त उठावना✻**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड रहा है कि प्रबोध, प्रवीण, मनोज के काका जी, शैलेन्द्र, विवेक के बड़े पिता जी, नितेश सागर, सौरभ, राहुल, वेदांत, रूद्र के दादा जी एवं ललित के पू.पिता श्री शिवदत्त जी ओझा का स्वर्गवास दिनांक 17 अप्रेल 2025 को हो गया था। जिनका सयुक्त उठावना दिनांक - 19 अप्रैल 2025 (शनिवार) समय - प्रात: 11:30 पर स्थान - सुदामा पूरी धर्मशाला, भेरुजी नीम के पास, मनासा पर रखा गया है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**शर्मा परिवार मंदसौर एवं ओझा परिवार कुकडेश्वर, मनासा**

**✻ उठावना ✻**

हमारी पूज्य माताजी एवं शैलेंद्र व हर्षित की दादीजी श्रीमती माणकबाई सोमानी का स्वर्गवास दिनांक 17 अप्रैल 2025, गुरुवार को हो गया है।जिनका उठावना दिनाँक 19 अप्रैल 2025, शनिवार को दोपहर 2:00 बजे गीता भवन मन्दिर, गीता भवन रोड, मन्दसौर पर रखा गया है।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**सत्यनारायण, अनिल कुमार व राजेश कुमार सोमानी**
**✻ बैठक का समय ✻**
**शाम को 5 से 7 बजे तक**

**✻संयुक्त उठावना✻**

मेरी व स्व देवीलालजी भूतडा की बहिन, श्यामसुंदर अनिल व संतोष के भुवाजी श्रीमती माणकबाई सोमानी (मंदसौर) का स्वर्गवास हो गया है। जिनका संयुक्त उठावना दिनांक 19 अप्रैल 2025 शनिवार को गीता भवन मन्दिर, गीता भवन रोड, मन्दसौर पर दोपहर 2:00 बजे रखा गया हैं।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**मनोहरलाल भूतडा**
**मंदसौर (पटलावद वाले)**


# श्री द्विमुखी चिन्ताहरण गणपति की प्रतिमा अद्भूत, अलौकिक और दिव्य हैं-पूज्य शंकराचार्य

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु श्री ज्ञानानन्द तीर्थ स्वामी जी ने स्थानीय जनकुपुरा गणपति चौक स्थित श्री द्विमुखी चिन्ताहरण गणपति जी के दर्शन एवं आरती करने के पश्चात उपस्थित भक्तो को आशीर्वचन देते हुए कहा कि ऐसी अलौकिक ओर दिव्य प्रतिमा भगवान गणेश की ओर कही देखने को नही मिलेगी। भगवान गणेश के पीठ दर्शन में भी गणेश जी के दर्शन हो रहे हैं जो अपने आप मे एक अद्भुत हैं।



शंकराचार्य जी ने कहा कि पूरे देश में भगवान के अलग-अलग रूप देखने को मिलते हैं लेकिन भगवान गणेश जी की ऐसी अद्भुत एवं दिव्य प्रतिमा सिर्फ मंदसौर शहर में देखने को मिली है भगवान गणेश जी के अग्र भाग में पांच सूंड है जबकि पृष्ठ भाग में एक सूंड हैं और सेठ जी का रूप धारण किए हुए ऐसी विरली प्रतिमा के दर्शन करके में स्वयं धन्य हो गया हूं।फ आपने भक्त गणों से आव्हान किया कि एक बार मंदसौर शहर में आकर भगवान गणेश जी के दर्शन अवश्य करे । स्वामी जी ने कहा कि भगवान गणेश जी के मंदिर के नवनिर्माण की परिकल्पना निश्चित रूप से साकार होगी और यह मंदिर अपने आपमे जग प्रसिद्ध मंदिर के रूप में अपनी पहचान विश्व स्तर पर बनाएगा। श्री द्विमुखी चिन्ताहरण गणपति मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा ने भगवान गणेशजी की प्रतिमा के इतिहास एवं शीघ्र ही मन्दिर का नव निर्माण किये जाने की जानकारी से स्वामी जी को अवगत कराया। मंदिर समिति की ओर से स्वामी जी का स्वागत एवं भगवान गणेश जी की तस्वीर प्रदान कर सम्मान अध्यक्ष दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , सचिव गोपाल मंडोवरा, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल, ट्रस्टी रमेश काबरा और पार्षद सुनील बंसल, समाजसेवी रविन्द्र पांडे, जितेश व्यास, पत्रकार अनिल सँगवानी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तो ने किया।

## संतों पर जानलेवा हमला शर्मनाक है-बोराना

**पिपलियामंडी, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों सिंगोली क्षेत्र मे मंदिर मे विराजित जैन संतों पर असामाजिक तत्वों द्वारा किये गये जानलेवा हमले की विद्वता परिषद के सदस्यों ने कडे शब्दों मे निंदा की है। स्थानीय अध्यक्ष शिक्षाविद श्री श्यामलाल बोराना ने कहा की महान तपस्वी, साधक और विश्व को अहिंसा का संदेश देने वाले संतों पर प्राणघातक हमला गुंडों का कायराना कृत्य है इस लोमहर्षक घटना ने करोड़ों धर्मावलंबियों के दिल को झकझोर दिया है। श्री बोराना ने कहा की महान संतों ने भले ही हमलावरों को क्षमा कर दिया हो परंतु प्रशासन इन्हें सख्त से सख्त सजा दे। विद्वता परिषद के संयोजक ओमप्रकाश गहलोत, संरक्षक अशोक कुमठ, डॉ. प्रदीप शर्मा, आचार्य सत्येंद्र आर्य, परामर्शदाता साहेबलाल पामेचा, प्रवक्ता रमेश तेलकार, रामेश्वर फरक्या व बाबूलाल नागर, सचिव कवि मुकेश निडर, सहसचिव अनिल गुर्जर, सदस्यगण श्री भंवरलाल सैनी, बालूराम कराड़ा आदि ने भी बदमाशों के इस कुत्सित कृत्य को अमानवीय बताते हुवे अविलंब कठोर दंड देने की मांग की है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 को

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल 2025 को जनसुनवाई के पश्चात दोपहर 1:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित होगी।

## साधारण सभा की बैठक 29 को

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्य क्षता में आयोजित होगी। बैठक 29 अप्रैल 2025 दोपहर 01.00 जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# प्रदेश में अब सरकारी स्कूलों के टीचर्स की अटेंडेंस चेहरा दिखाकर लगेगी

**भोपाल, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अब सरकारी स्कूलों से शिक्षक गायब नहीं रह पाएंगे। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई पहल की है। प्रदेश के करीब चार लाख शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। यह एप शिक्षकों की लोकेशन दर्ज करेगा साथ ही आनलाइन चेहरा दिखाई देने पर ही उपस्थिति लगेगी। गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलेंगे तो जुलाई से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य कर दी जाएगी।

प्रदेश के 99,145 स्कूलों में से केवल 8,051 स्कूलों में ही शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति एम शिक्षा मित्र एप से दर्ज की जा रही है यानी 91,094 स्कूलों में इसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। जबकि यह व्यवस्था अनिवार्य की गई थी। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सवाल खड़े होते रहते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी इस बात को कई बार स्वीकार कर चुके हैं कि प्रदेश में कुछ जिलों में शिक्षक स्कूल नहीं जाते हैं। उनके स्थान पर दूसरे लोग पढ़ाने जाते हैं। वहीं कुछ शिक्षक स्कूलों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं। तीन बार व्यवस्था बनाई गई लेकिन फेल हो गई। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2017, वर्ष 2020 और वर्ष 2022 में प्रयास किया। ऑनलाइन उपस्थिति एम शिक्षा मित्र एप के जरिए शुरू की गई थी। लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया। कभी स्मार्ट फोन न होने तो कभी नेटवर्क न मिलने का बहाना बनाया गया। ऑनलाइन उपस्थिति से कन्नी काटी जाती रही। कई कारणों से यह प्रक्रिया ठीक से लागू नहीं हो पाई।

**नए एप में गड़बड़ियों को किया गया दूर**– एम शिक्षा मित्र एप से उपस्थिति लगानी अनिवार्य की गई थी लेकिन इसके माध्यम से नेटवर्क मिलने पर ही उपस्थिति लगती थी। इसमें लोकेशन व चेहरा पहचान कर उपस्थिति लगाने का विकल्प नहीं होने से बहुत गड़बड़ियां होती थीं। सार्थक एप में इन्हें दूर कर लिया गया है।

**अवकाश के लिए भी कर सकेंगे आवेदन**–सार्थक एप की नई व्यवस्था में कर्मचारी व शिक्षक छुट्टी के लिए भी आवेदन कर सकेंगे और शासन से किसी भी प्रकार का कार्यालयीन पत्राचार इस एप से हो जाएगा। दरअसल, सार्थक एप मध्य प्रदेश सरकार के पोर्टल से जुड़ा नवीनतम मोबाइल एप्लीकेशन है।

सरकारी स्कूलों में अब शिक्षकों की सार्थक एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इस बार इसे बेहतर तरीके से लागू किया जाएगा। जुलाई से यह अनिवार्य कर दिया जाएगा।

**उदय प्रताप सिंह**
**मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग**

# लैंगिक उत्पीड़न स्थानीय परिवाद समिति का पुनर्गठन

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 अंतर्गत ऐसे कार्यालय जहाँ दस से कम कर्मचारी हो तथा वहाँ आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं है वहाँ स्थानीय परिचाद समिति के गठन का प्रावधान है। उक्त समिति में एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य जो निम्नानुसार होगे-अध्यक्ष जो सामाजिक कार्य के क्षेत्र में प्रख्यात और महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध हो आवेदन कर सकेगी।एक अन्य सदस्य में महिला एक जो ब्लॉक, तहसील, वार्ड, नगरपालिका में कार्यरत महिला आवेदन कर सकेगीएक महिला सदस्य, जो महिला की समस्या के लिए प्रतिबद्ध गैर सरकारी संगठनों में से ऐसा व्यक्ति जो लैंगिकउत्पीडन से संबंधित मुद्दों से सुपरिचित ही महिला आवेदन कर सकेगी।एक सदस्य जो पुरूष एवं महिला हो सकेगा के पास अधिमानी रूप से विधि की पृष्ठभूमि या विधिक ज्ञान होना चाहिए।महिला एवं बाल विकास में संव्यवहार करने वाला संबंधित अधिकारी पदने सदस्य होगा।समिति का कार्यकाल नियुक्ति दिनांक से 03 वर्ष का रहेगा। स्थानीय समिति की कार्यवाही करने के लिए फीस या भत्ते नियमानुसार प्रदान किए जायेने।ऐसे इच्छुक व्यक्ति 07 दिवस में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास के कार्यालय में आवेदन करसकते है।

# भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं-पं. शर्मा

**संगीतमय भागवत कथा में हुआ छप्पन भोग का आयोजन, रविवार को भण्डारा**

**मंदसौर, 18 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय स्नेह नगर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस भागवत प्रवक्ता पं. श्री सत्यनारायणजी शर्मा प्रतापगढ़ वाले द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, गिरिराज धारण की महिमा और गोवर्धन परिक्रमा के आध्यात्मिक महत्व पर गहन प्रवचन दिया। पांचवे दिन भगवान गिरीराजजी को छप्पन भोग का नैवेद्य भी लगाया गया।



कथा के दौरान पंडित शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला का वर्णन करते हुए बताया कि यह घटना भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए भगवान की करुणा का प्रतीक है। उन्होंने गिरिराज पर्वत की परिक्रमा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग है। उन्होंने बताया कि जब इन्द्रदेव ने गोकुलवासियों पर प्रकोपस्वरूप मूसलधार वर्षा की, तब बालकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी को आश्रय प्रदान किया। यह लीला दर्शाती है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने प्रवचन का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर भक्ति भाव से ओत-प्रोत वातावरण बना रहा, और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसास्वादन किया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी दो दिनों तक मंदिर परिसर में दोप. 12 से सायं 4 बजे जारी रहेगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित अन्य प्रसंगों पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रारंभ में पोथी पूजन कथा आयोजक ए.पी.शर्मा, धीरज पाठक, हंसराज रौंदवाल एमपीईबी, सहित क्षेत्रवासी, महिला भक्त मित्र मण्डल एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया। आज कथा में मप्र विद्युत मंडल कर्मचारी साख संस्था के अध्यक्ष डी एस चंद्रावत, संचालक देवेंद्रसिंह चौहान, सदस्य नरेंद्र नवले, दिलीप शर्मा, योगेन्द्र पंड्या, एमएस सिसोदिया, ओपी मिश्रा, प्रहलाद माहेश्वरी अशोक शर्मा, श्याम शर्मा संजीव त्रिवेदी राजू सेन विक्रम चंद्रावत हेमराज खाबिया सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन उपस्थित थे। इस दौरान आशुतोष महादेव बालाजी मंदिर समिति के सदस्यों ने कथा में आए भक्तों के लिए रसना ठंडाई एवं मनोज शर्मा, गोरधनलाल टेलर, एस एल शर्मा ने गुरुजी की ठंडाई शरबत की व्यवस्था कर प्रसादी बाटी तथा हांगकांग निवासी श्रीमति राखी शर्मा पिता एपी शर्मा के द्वारा छप्पन भोग की प्रसाद का आयोजन रखा गया। रविवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर मंदसौर परिसर में सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी मन्दिर समिति के मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने दी।


**कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)**

ई मेल–apdpiuindore@gmail.com फेक्स– 0731-4989768

क्रं. एफ-3/सामान्य/निविदा प्रकाशन/मु.अ.(भवन) इंदौर/2025/एनआईटी-02/994 इंदौर दिनांक 17.04.2025

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -02/2025**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, म.प्र.द्वारा दिनांक 01-01-2024 से प्रभावशील एस.ओ.आर.एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Dates) अनुसार के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पार्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानत राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय(माह में वर्षा काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025- PWPIU- 416218-1 | शासकीय हाई स्कूल भवन खेतीखेड़ा जिला मंदसौर का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | मंदसौर | 119.28 | 1,19,280 | 12,500 | 8 |
| 2 | 2025- PWPIU- 41500-1 | नवीन कलेक्टर भवन मंदसौर में रिकार्ड रुम का निर्माण कार्य | मंदसौर | 132.76 | 1,32,760 | 12,500 | 12 |
| 3 | 2025- PWPIU- 416078-1 | केन्द्रीय जैल उज्जैन में ई-टाईप(1 यूनिट), एफ टाईप (2 यूनिट), जी-टाईप (10यूनिट) एवं एच टाईप (68यूनिट) कुल 81 आवास गृहों का निर्माण कार्य | उज्जैन | 1534.16 | 10,00,000 | 30,000 | 24 |
| 4 | 2025- PWPIU- 416071-1 | कार्यालय यंत्री (भवन) कार्यालय भवन बड़वानी जिला बड़वानी का निर्माण कार्य | बड़वानी | 82.27 | 82,270 | 10,000 | 12 |
| 5 | 2025- PWPIU- 416056-1 | जिला बड़वानी मेंसंभागीय कार्यालय के अंतर्गत नवनिर्मित/निर्माणाधीन भवनों में प्रस्तावित ब्राह्य विद्युतीकरण का निर्माण कार्य | बड़वानी | 70.00 | 70,000 | 10,000 | 12 |
| 6 | 2025- PWPIU- 415447-1 | खण्डवा जिला खंडवा में लोक निर्माण विभाग (भवन) संभागीय कार्यालय भवन एवं 09 नग (1-ई, 3-एफ, 5-जी टाईप) आवासगृह का निर्माण कार्य | खण्ड्वा | 528.93 | 5,28,930 | 20,000 | 18 |

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) –
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि – 11.04.2025
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि – 15.04.2025
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 29.04.2025
4. बिड खोलने की तिथि – 01.05.2025

G-11736/25 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

**मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र, इंदौर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in